Social Justice Union (Govt. Registered)

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 19 सितंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 350

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पीएफआई मामले में एनआईए की बड़ी कार्यवाई, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के कई जिलों में की रेड

**अमरावती (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई है। केंद्रीय एजेंसी ने यहां कई जगहों पर छापा मारा है। निजामाबाद, कुरनूल, गुंटूर, नेल्लोर में एनआईए की करीब 23 टीमों की ओर से यह कार्रवाई की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, एनआई ने यह छापेमारी पीएफआई मामले में की है। जांच एजेंसी शादुल्ला नाम के शख्स के आवास की तलाशी ले रही है जो इस मामले का मुख्य आरोपी है। बताते चलें कि कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) एक इस्लामिक संगठन है। ये संगठन अपने को पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के हक में आवाज उठाने वाला बताता है। संगठन की स्थापना 2006 में नेशनल डेवलपमेंट फ्रंट के उत्तराधिकारी के रूप में हुई थी। संगठन की जड़े केरल के कालीकट में हैं।

### जम्मू-कश्मीर के सांबा में देखा गया पाकिस्तानी ड्रोन

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर रविवार को एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखा गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सूत्रों ने बताया कि सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास सारथी कलां गांव में संदिग्ध ड्रोन गतिविधि की सूचना मिली है। सूत्रों ने कहा, यह रीगल सीमा चौकी के पास है। इस स्थान पर अतीत में पाकिस्तान से ड्रोन द्वारा हथियार गिराने के कई प्रयास किए गए हैं। बीएसएफ इलाके की तलाशी ले रही है।

### केरल में 20,000 स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे भागवत

**त्रिशूर (आरएनएस)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत रविवार शाम गुरुवायूर के श्रीकृष्ण कॉलेज मैदान पर आयोजित समारोह में 20,000 'गणवेशधारी' आरएसएस स्वयंसेवकों की विशेष सभा 'संघिक' को संबोधित करेंगे। इससे पहले भागवत ने आज सुबह ने गुरुवायुर कृष्ण मंदिर में भगवान कृष्ण के दर्शन किए और उनकी पूजा की। उनके साथ आरएसएस के वरिष्ठ नेता भी थे। मोहन भागवत राज्य में आरएसएस की कई संगठनात्मक बैठकों में भाग लेने के लिए अपनी चार दिवसीय वार्षिक यात्रा के तहत 15 सितंबर से केरल के दौरे पर हैं।

### चीन में भीषण सड़क हादसा, बस पलटने से 27 लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत

**गुइयांग ।** चीन के गुइझोऊ प्रांत में रविवार को एक भयंकर सडक़ दुर्घटना में कम से कम 27 लोग मारे गये और 20 अन्य घायल हो गए। काउंटी के सार्वजनिक सुरक्षा ब्यूरो ने कहा कि एक बस आत तडक़े संदू शुई स्वायत्त काउंटी में एक राजमार्ग खंड पर चल रही थी। इस दौरान बस अचानक पलट गयी। बस में 47 लोग सवार थे। इस हादसे में 27 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और कम से कम 20 अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि अभी हाल ही में चीन के हुनान प्रांत की राजधानी चांग्शा में एक 42 मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई थी। हालांकि उसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं थी।

## सत्येंद्र जैन मनी लॉन्ड्रिंग केस : ईडी ने की जज बदलने की मांग, याचिका पर 19 को फैसला करेंगे जिला जज



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राउज एवेन्यू कोर्ट के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के समक्ष एक आवेदन दायर कर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन की मनी लॉन्ड्रिंग कार्यवाही को किसी अन्य न्यायाधीश को ट्रांसफर करने का आग्रह किया है। ईडी की याचिका पर 19 सितंबर को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनय कुमार गुप्ता सुनवाई करेंगे। ईडी की याचिका में सत्येंद्र जैन का मामला विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल को ट्रांसफर करने की मांग की गई है।

विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने पिछली कुछ सुनवाई में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच को लेकर एजेंसी की खिंचाई की थी। सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर दलीलों से संबंधित कुछ तर्कों को उठाने के बाद ईडी की याचिका में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन का मामला स्पेशल जज गीतांजलि गोयल को ट्रांसफर करने की मांग की गई है।

**न्यायिक हिरासत में हैं जैन-** अदालत इस समय मामले में सत्येंद्र जैन और अन्य दो सह-आरोपियों अंकुश जैन और वैभव जैन की जमानत याचिकाओं पर लंबी दलीलें सुन रही थी। आरोपी की जमानत पर सुनवाई अंतिम चरण में थी। तीनों व्यक्ति फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

ईडी के लिए अपील करते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने 15 सितंबर को अदालत को सूचित किया कि वे सत्येंद्र जैन की जमानत की कार्यवाही को मौजूदा अदालत से स्थानांतरित करने की याचिका दायर कर रहे हैं।

सत्येंद्र जैन की ओर से वरिष्ठ वकील एन. हरिहरन ने विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल के साथ अपनी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि यह वास्तव में अनुचित है। पूरी तरह से अनुचित। वे चीजों को पूर्ववत कर रहे हैं।

**सीबीआई की एफआईआर के आधार पर ईडी ने की थी जांच-** ईडी ने सत्येंद्र जैन और दो अन्य को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत 2017 में आप नेता के खिलाफ दर्ज सीबीआई की एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था, जिसके तहत उन पर कथित रूप से जुड़ी चार कंपनियों के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग करने का आरोप लगाया गया था। इतना ही नहीं, ईडी ने दो दिन पहले 16 सितंबर को आबकारी नीति मामले में सत्येंद्र जैन से तिहाड़ जेल के अंदर पूछताछ की थी।

विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने आबकारी नीति मामले में सत्येंद्र जैन से पूछताछ करने की अनुमति मांगने वाले ईडी के आवेदन को स्वीकार कर लिया था। हाल ही में अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन, उनकी पत्नी और चार फर्मों सहित आठ अन्य के खिलाफ ईडी द्वारा दायर अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) का भी संज्ञान लिया।

**6 जून को कई ठिकानों पर मारे छापे-** ईडी ने 6 जून को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में विभिन्न स्थानों पर की गई अपनी दिनभर की छापेमारी के दौरान सत्येंद्र जैन के सहयोगियों से 2.85 करोड़ रुपये नकद और 1.80 किलोग्राम वजन वाले 133 सोने के सिक्के जब्त करने का दावा किया था। इन छापों के दौरान, एजेंसी ने विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड भी जब्त किए।

ईडी ने सत्येंद्र जैन, पूनम जैन, अजीत प्रसाद जैन, सुनील कुमार जैन, वैभव जैन और अंकुश जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा 24 अगस्त, 2017 को धारा 13(2) ह्म्/2 13(1)(द्र) के तहत दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की थी।

## हावड़ा-भुवनेश्वर जन शताब्दी पटरी से उतरी, बड़ा हादसा टला



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हावड़ा-भुवनेश्वर जन शताब्दी एक्सप्रेस अचानक पटरी से उतर गई। इस दुर्घटना में सभी यात्री बाल-बाल बच गए। किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। यह दुर्घटना भद्रक स्टेशन के पास हुई है। मौके पर रेलवे के अधिकारी और बचाव दल पहुंच चुका था। अधिकारियों के मुताबिक, जल्द ही ट्रेन को उसके गंतव्य तक रवाना कर दिया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को भद्रक स्टेशन के पास हावड़ा-भुवनेश्वर जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन पटरी से उतर गई। इसमें सभी यात्री बाल-बाल बच गए। घटना के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक, शाम करीब 5.50 बजे एक बैल को टक्कर मारने के बाद ट्रेन पटरी से उतर गई। भद्रक रेलवे स्टेशन पर अधिकारियों ने कहा कि इस घटना में किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है।

भद्रक स्टेशन यार्ड के पास लगभग 17.50 बजे एक बैल को टक्कर मारने के बाद ट्रेन पटरी से उतर गई। दूसरी बोगी के आगे के दो पहिये पटरी से उतर गए। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

## गुजरात के वलसाड से तेंदुए की खाल बेचने के आरोप में चार गिरफ्तार



**वलसाड (आरएनएस)।** गुजरात के वलसाड जिले में उत्तरी रेंज के वन विभाग ने तेंदुए की खाल बेचने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा और आगे की जांच के लिए वन अधिकारी उनके रिमांड की मांग करेंगे।

वलसाड उत्तर जिला वन संरक्षक, निशा राज ने बताया, हमें वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो द्वारा सूचना मिली थी कि क्षेत्र के कुछ लोग तेंदुए की खाल बेचने की योजना बना रहे हैं। इसलिए तीन टीमों का गठन किया गया और व्यक्तियों की तलाश शुरू कर दी गई । चिंटू गावित, नागिन चौधरी, नरोत्तम भोए और रंजीत वलवी के रूप में पहचाने गए आरोपियों को तेंदुए की खाल के साथ पकड़ा गया। सभी आरोपी आदिवासी समुदाय के हैं और किसी गिरोह का हिस्सा नहीं हैं।

वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने दावा किया कि एक साल पहले रंजीत के खेत में एक कुएं में गिरने से एक तेंदुए की मौत हो गई थी। उसने बाकी आरोपियों की मदद से शव को बाहर निकाला और खाल को बाहर निकाला और फिर कंकाल को खेत के कोने में गाड़ दिया।

उन्होंने कहा कि तेंदुए का कंकाल बरामद कर लिया गया है लेकिन उसके पंजे गायब हैं और उसकी तलाश की जा रही है।

इस बात की जांच चल रही है कि क्या अन्य व्यक्ति भी शामिल हैं या वे किसी शिकारी या खरीदार के संपर्क में थे और उनके नाम और वे कैसे संपर्क में आए, इसका खुलासा कर रहे हैं।

## मिनीबस में लोड कर रहे थे सामान, पीछे से आ टकराया तेज रफ्तार ट्रक, 6 लोगों की दर्दनाक मौत




**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु में सलेम-चेन्नई हाइवे पर रविवार सुबह पेटानिकेनपालयम में एक सडक़ दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई। हादसा दोपहर 12.30 बजे हुआ, जब एक ट्रक सडक़ पर खड़ी मिनीबस से जा टकराया। मृतकों की पहचान टी. थिरुन्नवकारसु (61), उनकी पत्नी विजया (59), उनके बेटे रविकुमार (47), रिश्तेदार टी. सेंथिल वेलन (42), सुब्रमणि (41) और दीपन (27) के रूप में हुई है, जो बस में सवार थे।

तिरुनवक्कारासु और उनके परिवार के सदस्य अपनी पोती के समारोह में शामिल होने के लिए चेन्नई जा रहे थे। हादसे में एक अन्य रिश्तेदार जयप्रकाश (41) को चोटें आई हैं, जिनका इलाज सलेम के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। वाझापाडी के पुलिस उपाधीक्षक एन. श्वेता ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि तिरुनवक्कारासु मिनी बस के स्टोरेज एरिया में समारोह के लिए आवश्यक सभी सामग्रियों को लोड कर रहा था, और क्लीनर दीपन उसकी मदद कर रहा था, कि तभी ट्रक ओम्निबस के पिछले हिस्से में जा घुसा। डीएसपी ने कहा कि तिरुनवक्कारासु, दीपन, रविकुमार, सुब्रमणि और सेंथिल वेलन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विजय को सिर में गंभीर चोटें आईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सलेम के जिला कलेक्टर एस. कमेर्गाम, पुलिस अधीक्षक अभिनव और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने दुर्घटनास्थल का दौरा किया। पुलिस ने फरार ट्रक चालक की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है।

## महाराष्ट्र में फिर बढ़ा विवाद, शिंदे गुट को मिली मुंबई के बीकेसी में दशहरा रैली की इजाजत- उद्धव को नहीं



**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र में शिवसेना का विवाद बढ़ता ही जा रहा है। शिवसेना के शिंदे गुट को बीकेसी के एमएमआरडीए ग्राउंड पर दशहरा रैली करने की इजाजत मिल गई है। इससे पहले उद्धव गुट ने भी रैली की इजाजत मांगी थी। लेकिन एमएमआरडीए ने उद्धव गुट को इजाजत ना देकर महाराष्ट्र की सियासत को गरमा दिया है। अब देखना है कि मुंबई के शिवाजी पार्क में दशहरा रैली के लिए बीएमसी क्या फैसले लेती है। यहां भी दोनों गुटों ने रैली के लिए इजाजत मांगी है। बीएमसी ने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है।

उद्धव ठाकरे गुट के शिवसेना सांसद अरविंद सावंत ने 'भारतीय कामगार सेना' के नाम से बीकेसी के एमएमआरडीए ग्राउंड पर दशहरा रैली करने को लेकर पत्र लिखा था। एमएमआरडीए ने खत का जवाब दे दिया है। जवाब में एमएमआरडीए ने उद्धव ठाकरे गुट को रैली करने की इजाज़त नहीं दी है।

मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के एमएमआरडीए ग्राउंड में उद्धव ठाकरे गुट की बजाए सीएम एकनाथ शिंदे गुट को इजाजत दिए जाने से यहां साफ तौर से एकनाथ शिंदे गुट का प्रभाव दिखाई दे रहा है। पर लड़ाई बीकेसी की एमएमआरडीए ग्राउंड की है ही नहीं। इस मैदान में दशहरा रैली का प्लान तो एक वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर बनाया गया है। दरअसल दोनों गुटों ने इस मैदान पर दशहरा रैली करने का प्लान इसलिए बनाया कि अगर प्रशासन मुंबई के शिवाजी पार्क में किसी भी गुट को इजाजत ना देकर प्रतिस्पर्द्धी गुट को इजाजत दे देता है, या फिर दोनों ही गुटों को शिवाजी पार्क में रैली की इजाजत नहीं मिलती है तो राज्य भर से आए कार्यकर्ताओं को वापस लौटने की नौबत ना आए। रैली कैंसिल ना करनी पडे। इसलिए जिस तरह दोनों गुटों ने शिवाजी पार्क में रैली की परमिशन मांगी है, उसी तरह इस मैदान के लिए भी परमिशन मांगी थी।

17 सितंबर को ही उद्धव ठाकरे ने अपने गुट के शिवसेना विभागप्रमुखों की एक अहम बैठक की थी। इस बैठक में उन्होंने अपने पदाधिकारियों को यह आदेश दिया कि दशहरा रैली शिवाजी पार्क में होकर रहेगी। वे बिना किसी गलतफहमी में रहे हजारों की तादाद में भीड़ जुटाने की तैयारी में लगें। इसके एक दिन बाद ही प्रशासन ने बीकेसी के एमएमआरडीए ग्राउंड में शिंदे गुट के पक्ष में रैली की इजाजत देकर माहौल को गरमा दिया है। बीएमसी ने अब तक शिवाजी पार्क में दशहरा रैली के लिए किसे इजाज़त देनी है।।इसपर अभी निर्णय नही लिया है। देखना है यहां किसे इजाजत मिलती है, क्योंकि असली लड़ाई तो वहां नहीं, यहां है।

## असम से 17 बंगलादेशी नागरिक गिरफ्तार



**गुवाहटी (आरएनएस)।** असम के बिश्वनाथ चरियाली जिले में 17 बंगलादेशी को उनके पर्यटक वीजा मानदंडों का उल्लंघन करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों को बिश्वनाथ जिले के गिंगिया क्षेत्र के सुदूर बाघमरी इलाके से उस वक्त गिरफ्तार किया गया, जब उन्होंने धार्मिक उपदेश दिया था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, बाघमारी क्षेत्र में कोई पर्यटक स्थल नहीं हैं लेकिन हमने विदेशी को यहां घूमते हुए देखा। जब हमारी टीम ने उनक़ी जांच की, तब पता चला वह धार्मिक उपदेश के लिए आए थे। बंगालदेशी नागरिकों ने पर्यटक वीजा पर पर्यटकों के साथ असम में प्रवेश किया और उन्होंने 24 अगस्त को समूह के साथ भारत में प्रवेश किया था। उन्होंने बताया कि बंगलादेशी पर्यटक असम आने से पहले राजस्थान के अजमेर शरीफ और बंगाल के कूचबिहार जिले में भी गए थे।

## अमित शाह ने क्रॉस कंट्री स्लम दौड़ प्रतियोगिता को दिखाई हरी झंडी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर क्रॉस कंट्री स्लम दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौड़ की शुरूआत दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरी झंडी दिखा की। यह दौड़ मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम से इंडिया गेट तक आयोजित की गई।

इस स्लम दौड़ को 4 हिस्सों में बांटा गया है। जिसमें से सबसे छोटा 2.5 किमी का है, इसमें 10 से 15 वर्ष की लड़कियां और लडक़ों ने भाग लिया। वहीं 2.5 किमी की एक अन्य दौड़ आम लोगों के लिए रखी गई थी। इस दौड़ में झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों ने हिस्सा लिया।

जानकारी के मुताबिक इस दौड़ में करीब 10 हजार युवा प्रतिभागी शामिल हुए। पीएम मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में इस दौड़ को दिल्ली भाजपा द्वारा आयोजित किया गया है। बताया जा रहा है कि इसमें जीतने वाले को 3 लाख तक का इनाम भी दिया जाएगा।

इस कार्यक्रम में अमित शाह के अलावा केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, बीजेपी के प्रभारी बैजयंत जय पांडा, दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष आदेश गुप्ता, पूर्व क्रिकेटर इशांत शर्मा समेत कई और अहम लोग मौजूद रहे।

## चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के अश्लील वीडियो वायरल मामले में हिरासत में ली गई एमबीए की छात्रा : छात्राओं का नहाते वक्त अश्लील वीडियो बनाने का आरोप

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब के मोहाली में एक प्राइवेट यूनिवर्सिटी में एमबीए की पढ़ाई कर रही एक छात्रा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। आरोप है कि उसने हॉस्टल में रहने वाली छात्राओं का नहाते वक्त अश्लील वीडियो बनाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक सोनी ने स्पष्ट रूप से मीडिया को बताया कि घटना के सामने आने के बाद आत्महत्या के प्रयास की कोई खबर नहीं है। साथ ही, उन्होंने कहा, अभी तक वीडियो के वायरल होने का कोई सबूत नहीं मिला है।

उन्होंने आगे कहा, जांच के अनुसार, आरोपी छात्रा का कहना है कि उसने अपना वीडियो बनाया है, अन्य छात्राओं का कोई वीडियो नहीं बनाया। अब तक कोई सबूत नहीं मिला है। बहुत सारी गलत सूचनाएं और अफवाहें चल रही हैं। हमें आरोपी छात्रा की शीलता का सम्मान करना चाहिए। मामले की जांच कर रहे हैं।

सोनी ने जनता और छात्रों से शांति बनाए रखने और मामले की जांच में पुलिस की मदद करने की अपील की।

रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी छात्रा ने छात्राओं के नहाते हुए वीडियो अपने शिमला में बैठे एक पुरुष मित्र को भेजे, जिसने उन्हें इंटरनेट पर अपलोड कर दिया।

वीडियो के वायरल होते ही, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के परिसर में भारी हंगामा मच गया और छात्रावास में छात्राओं ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। छात्राओं ने हमें न्याय चाहिए के नारे लगाए।

विरोध के दौरान पुलिस को छात्रों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा।

आप प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और लोगों से संयम से काम लेने का आग्रह किया।

केजरीवाल ने एक ट्वीट में कहा, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में एक लडक़ी ने कई छात्राओं के आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड कर वायरल किए हैं। ये बेहद संगीन और शर्मनाक है। इसमें शामिल सभी दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। पीड़ित बेटियां हिम्मत रखें। हम सब आपके साथ हैं। सभी संयम से काम लें।

छात्राओं से शांत रहने का अनुरोध करते हुए, राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा, किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। यह एक बहुत ही संवेदनशील मामला है और हमारी बहनों और बेटियों की गरिमा से संबंधित है। मीडिया सहित हम सभी को बहुत सतर्क रहना चाहिए, यह एक समाज के रूप में हमारी भी परीक्षा है।

पंजाब राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष मनीषा गुलाटी विश्वविद्यालय पहुंचीं, और उन्होंने कथित वीडियो और एमएमएस कांड में आत्महत्या के प्रयास की अफवाहों पर सफाई दी।

उन्होंने कहा, जांच चल रही है और कानून अपना काम करेगा। उन्होंने आयोग से सभी विश्वविद्यालयों का निरीक्षण करने को कहा ताकि ऐसी घटना दोबारा न हो।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू ने कहा, पुलिस पूरी घटना की जांच कर रही है और हम उनकी मदद कर रहे हैं।